# सबसे बड़ा आरएंडडी केंद्र बनकर उभरेगा माइक्रोसाफ्ट का इंडिया डेवलपमेंट सेंटर

## सेक्टर-145 में सीएम ने किया माइक्रोसाफ्ट के केंद्र का भूमि पूजन व एमएक्यू का लोकार्पण

जागरण संवाददाता, नोएडा : नोएडा में माइक्रोसाफ्ट का इंडिया डेवलपमेंट सेंटर विश्व का सबसे बड़ा आरएंडडी सेंटर बनकर उभरेगा। देश के बेस्ट टाप माइंड सेंटर से जुड़कर काम करेंगे। एनसीआर में रोजगार के साथ स्किल डेवलपमेंट को भी आधार मिलेगा। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को माइक्रोसाफ्ट सेंटर के भूमि पूजन के दौरान कहीं। इससे मोदी-योगी के एआइ फर्स्ट नेशन के सपने के साकार होने के कयास लगाए जा रहे हैं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने सेक्टर 132 स्थित सिफी इन्फिनिट स्पेसनेस कंपनी परिसर पहुंच देश के सबसे बड़े एआइ सक्षम डाटा सेंटर का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 15 एकड़ में इंडिया डेवलपमेंट सेंटर बनना न केवल नोएडा के लिए बल्कि पूरे उत्तर भारत के आइटी सेक्टर के नए युग की शुरुआत है। माइक्रोसाफ्ट ने सिद्ध किया है कि उत्तर प्रदेश निवेश बेहतरीन डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। माइक्रोसाफ्ट मुख्यालय के बाहर सबसे बड़ा केंद्र होगा। नोएडा में पहले से माइक्रोसाफ्ट की उपस्थिति है। यह केंद्र बनने से हैदराबाद के बाद नोएडा में इंडिया डेवलपमेंट सेंटर का नया घर होगा। आइटीसी, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी के हब के रूप में काम करेगा। देश के टेक्नीकल इको सिस्टम को सुदृढ़ता प्रदान करेगा बल्कि प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करेगा। सेंटर की ओर से एनसीआर के शैक्षिक संस्थानों से एमओयू किया जाएगा। सरकारी कर्मचारी, युवाओं को स्किल प्रोग्राम से जोड़ा जाएगा।

**आठ साल में प्रदेश सरकार ने किए बेहतर काम, दिख रहे परिणाम :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने नए भारत का नया उत्तर प्रदेश प्रस्तुत करने में सफलता हासिल की है। देश की सबसे बड़ी आबादी की स्किल को स्पीड के साथ जोड़ा और दौड़ाने का काम किया। यह सब प्रधानमंत्री के रिफार्म, परफार्म व ट्रांसफार्म के मंत्र से हुआ।

33 सेक्टोरल पालिसी बनाई गई है। प्रदेश में निवेश मित्र पोर्टल से निवेश को बढ़ावा और निवेश सारथी पोर्टल से आनलाइन निगरानी कराई जा रही है। प्रदेश की मोबाइल फोन बनाने में 65 प्रतिशत और इलेक्ट्रानिक उपकरणों के उत्पादन में 55 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसमें पहले पायदान पर है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा इलेक्ट्रानिक उपकरणों के उत्पादन में हब बन रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ एआइ का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। प्रदेश सरकार ने पूरे क्षेत्र में एआइ की नवीन तकनीक का भरपूर उपयोग किया। कुंभ में 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। आइटी संबद्ध क्षेत्र में आइआइटी कानपुर, आइआइएम लखनऊ, एसजीपीआइ के साथ मिलकर भी एआइ, फाइवजी, ब्लाकचेन टेक्नोलाजी, वायरलेस कम्यूनिकेशन, मेडीटेक के क्षेत्र में सेंटर आफ एक्सीलेंस बनाए जा रहे हैं। 100 स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस दौरान राज्य सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', आइटी व इलेक्ट्रानिक्स मंत्री सुनील शर्मा, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, नोएडा प्राधिकरण सीईओ डा लोकेश एम, सिफी, माइक्रोसाफ्ट, एमएक्यू कंपनी की टीम मौजूद रही।

सिफी इन्फिनिट स्पेसेस लिमिटेड के एआइ सक्षम डाटा सेंटर का लोकार्पण करने के बाद अवलोकन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सौ. सूचना विभाग

### सिफी डाटा सेंटर की यह होगी खासियत

कंपनी के स्ट्रेटजिक इन्वेस्टमेंट एंड रिलेशनशिप अध्यक्ष दलीप कौल ने बताया कि एआइ आधारित सिफी डाटा सेंटर में सिस्टम संचालन, परिसंपत्तियों, लोगों और प्रक्रियाओं में लगने वाले वास्तविक समय को घटाना है। इससे करीब प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से आठ से 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। यह 231 मेगावाट ग्रीन पावर से संचालित होगा और 29 प्रतिशत ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करेगा।

नोएडा सेक्टर-145 में माइक्रोसाफ्ट के कार्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में दीप जलाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मौजूद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा • सौ. सूचना विभाग